Request to restart the Railway line from Pratapgarh to Bhimnagar

श्री दिलेश्वर कामैत **(सुपौल):** सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में अपने क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। सभापति महोदय, सुपौल संसदीय क्षेत्र के पूर्व-मध्य रेलवे अंतर्गत प्रतापगंज से भीमनगर नई रेल लाइन के लिए प्रो-इंजीनियरिंग एवं यातायात सर्वेक्षण (आरई) के सर्वे के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृति मिली थी और कार्य प्रगति पर था। सर्वे का काम भी पूरा हो चुका है। महोदय, वर्ष 1934 की भूकंप में उक्त खंड पर रेल लाइन ध्वस्त हो गयी थी, किंतु अभी तक रिस्टोरेशन नहीं हुआ है। वहां रेल का परिचालन भी प्रारंभ नहीं हुआ है। मैं सरकार से बराबर इसकी मांग करते आ रहा हूं।

महोदय, मैं सदन के माध्यम से रेल मंत्रालय से आग्रह करता हूं कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण उक्त रेल खंड को पुन: चालू कर रेल यातायात का परिचालन शीघ्र किया जाए, जिससे सीमावर्ती क्षेत्र के जनता को इसका लाभ मिल सके।